# अवसर...नोएडा ट्रेड शो में दिखेगी जिले के फर्नीचरों की कलात्मकता

## ओडीओपी में शामिल है फर्नीचर कारोबार, निवेशकों को आकर्षित करेंगे उद्यमी

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में जनपद के दो फर्नीचर उद्यमी अपने हुनर से वैश्विक बाजार के निवेशकों को आकर्षित करेंगे।

नोएडा में आयोजित ट्रेड शो में एमएसएमई के तीन और ओडीओपी के दो कारोबारी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन्होंने जिला उद्योग कार्यालय में आवेदन कर कार्यक्रम में स्टाल लगाने की अनुमति प्राप्त की है।

### ब्लैक राइस की खुशबू व बिखरेगी मोमबत्ती की रोशनी

गौरतलब है कि जिले का फर्नीचर कारोबार एक जिला एक उत्पाद में शामिल है।

नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में जिले के दो कारोबारी विनय कुमार और वीके गुप्ता फर्नीचर के उत्कृष्ट उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

शुगर रोगियों के लिए वरदान बने ब्लैक राइस का उत्पादन करने वाली सुमन गुप्ता, शिखर होम सल्युशन के निखिल आनंद और अगरबत्ती व विभिन्न आकृति की मोमबत्ती का उत्पादन करने वाली माया भी स्टाल लगाकर उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी।

> नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड शो बहुआयामी प्रभाव डालेगा। इसमें विश्व की जानी-मानी कंपनियां और निवेशक आ रहे हैं। जनपद के उद्यमी वहां प्रदर्शनी लगाकर एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। अब तक पांच उद्यमियों ने स्टाल बुकिंग कराई है।
>
> **-अभिषेक प्रियदर्शी,** उपायुक्त उद्योग, महराजगंज।

जनपद से अब तक पांच उद्यमियों ने आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली है।

उद्योग विभाग युवा उद्यमियों, महिला एमएसएमई सहित अन्य कारोबारियों को भी मेले में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। मेले में नौ वर्ग मीटर के स्टॉल 15,000 से 18,585 रुपये की दर पर उपलब्ध हैं।

यह इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर एंड मार्ट 25 से 29 सितंबर तक जारी रहेगा।